## एक नजर में

### भागवत कथा का श्रवण करने से सुधरते हैं जन्म-जन्मांतर: पंडित विपिन कृष्ण शास्त्री




**जुन्नारदेव।** श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण जन्म जन्मांतर को तार देता है भागवत कथा के श्रवण से केवल एक जन्म नहीं अनेकों जन्म उतर जाते हैं और मानव पाप मुक्त हो जाता है भागवत कथा पुण्य कर्म से ही सुना संभव है भागवत कथा में भगवान के अनेकों रूपों का वर्णन मिलता है। भागवत कथा का रसपान कर मानव अपना जन्म सार्थक बन सकता है। उक्ताशय के उद्गार जुन्नारदेव विशाला वार्ड क्रमांक 11 भुजलिया नाले के पास शिव महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भागवत कथा वाचक पंडित विपिन कृष्ण शास्त्री श्रीधाम वृंदावन द्वारा व्यक्त किए गए। इस दौरान उन्होंने शिव महिमा माता पार्वती महिमा की कथा का भी बखान किया कथा का वचन प्रतिदिन दोपहर 02 से 05 एवं रात्रि 08 से 11 बजे तक किया जा रहा है। कथा आयोजन शिव महिला मंडल वार्ड नंबर 11 जुन्नारदेव विशाला ने समस्त धर्म प्रेमियों से कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### मार्कफेड गोदाम से किसानों को मौके पर दिलाई खाद

**छिंदवाड़ा।** उपसंचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने आज जिला विपणन अधिकारी सुश्री अंकिता गुरनानी, सहायक संचालक कृषि धीरज ठाकुर एवं सुनील हेड़ाउ के साथ मार्कफेड गोदाम छिंदवाड़ा का निरीक्षण किया तथा किसानों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान जो किसान बिना ई-टोकन बुक किए खाद लेने पहुंचे थे, उन किसानों का मौके पर ही ई-टोकन बुक कराकर खाद उपलब्ध कराई गई। मार्कफेड गोदाम में यूरिया 8070 मीट्रिक टन, डीएपी 207 मीट्रिक टन, एनपीके 2200 मीट्रिक टन, सिंगल सुपर फास्फेट 176 मीट्रिक टन तथा पोटाश 186 मीट्रिक टन उपलब्ध पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि जिले की समस्त मार्कफेड गोदामों, सहकारी समितियों, एग्रो एवं निजी विक्रेताओं के पास पर्याप्त उर्वरक भंडारण उपलब्ध है। उपसंचालक कृषि श्री सिंह ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे अपनी स्वेच्छा से किसी भी उर्वरक वितरण संस्था का चयन कर ई-टोकन बुक करें तथा उर्वरकों का शीघ्र उठाव करें, जिससे बाद में होने वाली परेशानियों से बचा जा सके।

### छिंदवाड़ा-पांढुर्णा के पर्यटकों को एक माह तक किफायती दामों में मिलेगा होम स्टे

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा व पांढुर्णा जिले के पर्यटक आने वाले एक माह तक बहुत कम दामों में पर्यटन ग्रामों में बने होम स्टे में रहकर ग्रामीण पर्यटन का आनंद ले सकेंगे। कलेक्टर हरेंद्र नारायन व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के साथ मिलकर ग्रीष्मकालीन ऑफर पर्यटकों के लिए दिया है। 20 मई से 20 जून 2026 तक छिंदवाड़ा व पांढुर्णा के पर्यटक इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। इस दौरान पर्यटकों को बहुत कम दामों में होम स्टे में रहने व स्वादिष्ट भोजन का लाभ प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित पर्यटन ग्राम सावरवानी, चोपना, धूसावानी, चिमटीपुर, काजरा, गुमतरा, देवगढ़, बीजाढाना एवं घटलिंगा के सभी होम स्टे में इस विशेष ऑफर का लाभ मिलेगा।

### छिन्दवाड़ा वृत्त के विभिन्न संभागों और वितरण केन्द्र कार्यालयों में उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर संपन्न

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में कंपनी के छिंदवाड़ा वृत्त कार्यालय, संचारण/संधारण के 8 संभागों जिनमें शहर संभाग छिंदवाड़ा, पूर्व संभाग छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, चौरई, सौंसर, पांढुर्णा, जुन्नारदेव व परासिया और इनके अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केंद्रों में आज मंगलवार को विद्युत उपभोक्ता समस्या निवारण शिविर संपन्न हुये। इन शिविरों में 132 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से सभी 132 शिकायतों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि शिविर/जनसुनवाई में विद्युत प्रदाय संबंधी 76, बिल संबंधी 18, बंद/खराब मीटर संबंधी 27, नवीन कनेक्शन संबंधी 00 और 11 अन्य प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुईं। इस प्रकार कुल 132 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें से 132 शिकायतों का मौके पर ही तत्काल निराकरण किया गया। उन्होंने बताया कि विद्युत प्रदाय संबंधी 76, बिल संबंधी 18, बंद/खराब मीटर संबंधी 27, नवीन कनेक्शन संबंधी 00 और अन्य श्रेणी की 11 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत संबंधी शिकायतों के निवारण के लिये प्रति मंगलवार वृत्त के विभिन्न संभागों और वितरण केन्द्र कार्यालयों में आयोजित विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर/जनसुनवाई का लाभ अवश्य लेवें।

### संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिवस फायरिंग, ऑप्टिकल ट्रेनिंग एवं हेल्थ-हाइजीन पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित


**छिंदवाड़ा।** 24 एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमन प्रीत सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिवस आज कैडेट्स को सैन्य प्रशिक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर में छिंदवाड़ा, सिवनी एवं पांढुर्णा जिलों से आए लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स सक्रिय सहभागिता कर रहे हैं। शिविर की शुरुआत प्रातःकालीन पीटी, योगाभ्यास एवं ऑब्स्टेकल ट्रेनिंग से हुई, जिसमें कैडेट्स को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके बाद आरटीओ फायरिंग रेंज में फायरिंग प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमन प्रीत सिंह ने स्वयं सटीक निशाना लगाकर फायरिंग की तथा उत्कृष्ट ग्रुपिंग प्रदर्शित कर कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। कमान अधिकारी से प्रेरित होकर कैडेट्स ने भी अत्यंत उत्साह के साथ फायरिंग अभ्यास किया। फायरिंग प्रशिक्षण के दौरान कैप्टन डॉ.अरविंद धुर्वे, जेसीओ चरण सिंह, हवलदार गोपी एवं लेडी इंस्ट्रक्टर सुश्री प्राची पटवा ने कैडेट्स को फायरिंग के सिद्धांत, सावधानियां, अभ्यास की विधियां, हथियारों की साफ-सफाई तथा रेंज के नियमों की विस्तृत जानकारी दी।

# कोटवार द्वारा तहसील में कथित रूप से किया जा रहा 'बाबूगिरी'

## ग्रामीणों में नाराजगी, व्यवस्था पर उठे सवाल, कोटवार ने ट्रूकॉलर में खुद को 'तहसील बाबू' बताया, आमजन में फैल रहा भ्रम

**नवभारत न्यूज**

**मोहखेड़, 19 मई, तहसील कार्यालय मोहखेड़ में व्यवस्था को लेकर एक और मामला सामने आया है। क्षेत्र में ग्रामीणों का आरोप है कि कोटवार द्वारा तहसील कार्यालय में राजस्व संबंधी कार्यों में ÷बाबूगिरी÷ जैसा कार्य किया जा रहा है, जिससे विभागीय प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां तक उक्त कोटवार न ड्रेस पर रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसील में कुछ कार्य जो मूल रूप से लिपिकीय (क्लर्क स्तर) कर्मचारियों द्वारा किए**




**जाने चाहिए, वे कार्य कोटवार के माध्यम से कराए जाने की स्थिति दिखाई दे रही है। इससे न केवल कार्य प्रणाली प्रभावित हो रही है, बल्कि पारदर्शिता पर भी प्रश्न उठ रहे हैं।**

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इस तरह की व्यवस्था से आम जनता को अपने काम कराने में भ्रम और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटे-छोटे राजस्व कार्यों के लिए लोगों को बार-बार तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।हालांकि, इस पूरे मामले पर प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### कोटवार ने ट्रूकॉलर में खुद को 'तहसील बाबू' बताया, आमजन में फैल रहा भ्रम

एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां एक कोटवार ने अपने मोबाइल के ट्रूकॉलर प्रोफाइल में खुद को तहसील बाबू लिख रखा है। इस वजह से आमजनता में भ्रम की स्थिति बन रही है और लोग उसे वास्तविक सरकारी कर्मचारी समझकर संपर्क कर रहे हैं।जानकारी के अनुसार, कई ग्रामीण और फरियादी जब नंबर पर कॉल करते हैं तो ट्रूकॉलर पर तहसील बाबू नाम दिखाई देता है, जिससे वे उसे तहसील कार्यालय का जिम्मेदार बाबू मान लेते हैं। बाद में वास्तविक स्थिति सामने आने पर लोगों को गुमराह होने का एहसास होता है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह की भ्रामक जानकारी से न केवल आमजन परेशान हो रहे हैं, बल्कि सरकारी कार्यप्रणाली की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने इसे गंभीर मामला बताते हुए प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग की है।

#### जनता की मांग

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली की जांच कर जिम्मेदार कर्मचारियों की भूमिका स्पष्ट की जाए, ताकि व्यवस्था पारदर्शी और सुचारु रूप से चल सके। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और व्यवस्था को सुधारने के लिए कौन से निर्देश जारी किए जाते हैं।

## कलश स्थापना के साथ सुप्रजा योजना का किया गया शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 19 मई, आयुष विभाग, छिंदवाड़ा के तत्वावधान में आज 19 मई, मंगलवार को प्रातः 10 बजे धन्वंतरी यज्ञ एवं कलश स्थापना के साथ सुप्रजा योजना का शुभारंभ किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अर्चना मरावी (प्र.संभागीय आयुष अधिकारी, जबलपुर), मार्गदर्शन में डॉ.प्रमिला यावतकर (प्रभारी, जिला आयुष अधिकारी, छिंदवाड़ा) तथा सहयोग में डॉ. नितिन टेकरे (प्रभारी, आयुष विंग), डॉ. हरीश सतनामी, डॉ. कविता मसराम एवं समस्त स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भ संस्कार के माध्यम से स्वस्थ, संस्कारित एवं बुद्धिमान संतति का निर्माण करना है। कार्यक्रम में डॉ. रश्मि नेमा (एम.एस., प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ) द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं नव दंपत्तियों को स्वास्थ्य, आहार-विहार एवं जीवनशैली संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में दिनांक 21 मई 2026, पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर डॉ. अशोक जी वार्ष्णेय (राष्ट्रीय संगठन सचिव, आरोग्य भारती) के मुख्य आतिथ्य में नव दंपति संगोष्ठी एवं गर्भ संस्कार केंद्र का लोकार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर धन्वंतरी यज्ञ, हवन, योग-प्राणायाम, गर्भ संस्कार परामर्श एवं आहार-विहार मार्गदर्शन जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयुष विभाग एवं आरोग्य भारती ने समस्त नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### सांसद ने दिवंगतजनों को अर्पित की श्रध्दांजलि

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू अपने व्यस्थतम कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर लोगों के सुख-दुख में भी शामिल हो रहे है। इसी के तहत मंगलवार को सांसद श्री साहू ने दो परिवारों के बीच पहुंचकर विगत दिनों दिवंगत हुए लोगों के प्रति अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतजनों को श्रध्दाजंलि अर्पित की। सांसद श्री साहू सुकलूढाना में पंकज साहू के निवास पर पहुंचे जहां उन्होंने पंकज साहू के पिता के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रध्दाजंलि अर्पित की। वहीं प्रियदर्शनी कॉलोनी में महेश कुमार वर्मा के निवास पर पहुंचकर उनकी धर्म पत्नि के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रध्दाजंलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात करते हुए ढांढस बंधाया।

## मुजावर माल में जनसमस्याओं पर सख्त बैठक, पानी संकट के समाधान के लिए दिए गए निर्देश

### जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुनहार की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं, शिक्षा-स्वास्थ्य और निर्माण कार्यों की भी हुई समीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**मोहखेड़, 19 मई, जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मुजावर माल में मंगलवार को जनसमस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत भवन में किया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुनहार सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया और ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।**



बैठक के दौरान ग्रामीणों ने गांव में लंबे समय से बनी हुई पेयजल समस्या को प्रमुखता से उठाया। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुनहार एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित उपयंत्री को निर्देशित किया कि पानी की समस्या का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।इसके अलावा स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक सुधार और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देशित किया गया।निर्माण कार्यों की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई, जिसमें गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि सभी कार्य पारदर्शिता के साथ और निर्धारित समय में पूर्ण किए जाएं।

## आधुनिक खेती, नई तकनीक और सरकारी योजनाओं की मिली जानकारी, बड़ी संख्या में जुटे किसान

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 19 मई, सिल्लेवानी में किसान रथ के पहुंचते ही किसानों में खासा उत्साह देखने को मिला। रथ के आगमन पर स्थानीय किसानों ने स्वागत किया और बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठाया। इस दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों, उन्नत बीजों और फसल प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।**



कार्यक्रम में कृषि यंत्रों का प्रदर्शन भी किया गया, जिसे देखकर किसानों ने नई तकनीकों के प्रति रुचि दिखाई।किसानों ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से उन्हें नई जानकारी मिलती है, जिससे उनकी खेती अधिक लाभकारी बन सकती है। विशेषज्ञों ने किसानों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान भी बताए और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी।कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे आधुनिक तकनीकों और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि करें। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य मदन साहू,भाजपा नेता मोनू,सरपंच कमला वाड़िवा, उपसरपंच ईशाक खान, इस दौरान एसडीओ डीएस घाघरे, उधानिकी अधिकारी निरजंन पाटिल, ग्रामीण कृषि विस्तार दिनेश धुर्वे, भाग्यश्री कड़वे, सचिव विलास लोंखडे, रोजगार शेख शहीद सहित सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और ग्रामीणजन मौजूद। इसके अलावा रथ जमुनियामाल, तंसरामाल और ईकलबिहरी में किसान रथ पहुचा जहा किसानो को विभिन्न जानकारी दी।

### जहर सेवन का सेवन कर महिला ने की आत्महत्या

**छिंदवाड़ा।** अमरवाड़ा थाना क्षेत्र के करबडोल की रहने वाली महिला की जहर सेवन से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार जलधारा पति चितामन वर्मा उम्र 31 साल करबडोल की रहने वाली है। वह 16 मई को घर में अकेली थी। उसके पति खेत गए हुए थे। हालांकि उसे मिर्गी के दौरे भी आते थे। इस दौरान उसने जहर का सेवन कर लिया। जब उसके पति षाम को घर लौटे। वह दिवाल से अनमनी सी टिकी हुई थी। जैसे ही पति ने उसे हिलाया, वह लुढ़क गई। उसके मुंह से फेस निकल रहा था। पति से उससे पूछा कि मिर्गी आई है। उसने बताया कि डिब्बे में रखी दवा पी ली। पति तत्काल उसे तत्काल अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसने मंगलवार की सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद मामले को जांच में ले लिया है।

## खेल, संस्कार और जागरूकता का संगम, जुन्नारदेव में बच्चों ने चित्रों से दिखाई नई दिशा




**नवभारत न्यूज**

**जुन्नारदेव, 19 मई, शहर के विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय प्रांगण में संचालित आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी इन दिनों अपने अनोखे और प्रेरणादायक समर कैंप को लेकर क्षेत्रभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। खेलों के माध्यम से बच्चों और युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने का यह प्रयास समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश बनकर सामने आया है।**

अकादमी के मुख्य कोच एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मार्शल कोच योगेश रुखमांगद के मार्गदर्शन में आयोजित इस समर कैंप में खिलाड़ियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता पर भी विशेष कार्य किया जा रहा है। समर कैंप का सबसे आकर्षक एवं चर्चित विषय ÷मोबाइल छोड़ो, मैदान जोड़ो÷ अभियान रहा, जिसकी योजना अकादमी के राष्ट्रीयधाज्य स्तर के सीनियर खिलाड़ियों द्वारा तैयार की गई। सीनियर खिलाड़ियों की यह सोच आज छोटे खिलाड़ियों और बच्चों के लिए प्रेरणा बन चुकी है। उनके मार्गदर्शन में जूनियर एवं छोटे-छोटे खिलाड़ी उत्साह और खुशी के साथ समाज को सकारात्मक संदेश देने में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। रविवार को इसी अभियान के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। खिलाड़ियों ने अपनी रचनात्मक चित्रकला के माध्यम से आधुनिक जीवनशैली और खेलों के महत्व को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कई चित्रों में एक ओर बच्चों और युवाओं को मोबाइल में व्यस्त दिखाया गया, वहीं दूसरी ओर मैदान में खेलते, दौड़ते और समूह में फिजिकल एक्टिविटी करते खिलाड़ियों का जीवंत दृश्य दर्शाया गया। कुछ चित्रों में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसान जैसे अकेलापन, तनाव और शारीरिक कमजोरी को दर्शाया गया, जबकि खेलों से मिलने वाले स्वास्थ्य, ऊर्जा, आत्मविश्वास और खुशहाल जीवन के संदेश को खूबसूरती से उकेरा गया।

## तामिया में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

**नवभारत न्यूज**

**तामिया, 19 मई, खेल परिसर ग्राउंड में साहू परिवार, रज्जू साहू, राजेश साहू परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में आज तीसरे दिन की कथा थाना मोहल्ला में आयोजन क संवाद - वेदव्यास के मन की अशांति और नारद जी का आगमन नारद जी का पूर्व जन्म - दासी पुत्र की कथा धुंधकारी चरित्र - धुंधकारी के पापऔर गोकर्ण द्वारा उद्धार, सत्संग की महिमा राजा परीक्षित की कथा भागवत का पहला द्वार है।**



इसी से श्रीमद्भागवत की शुरुआत होती है। आज के प्रसंग के वजह राजा परीक्षित शिकार करते-करते प्यासे हो गए। जंगल में शमीक ऋषि समाधि में थे। राजा ने कई बार पानी मांगा, जवाब न मिलने पर गुस्से में आकर उन्होंने पास पड़े मरे हुए साँप को धनुष से उठाकर ऋषि के गले में डाल दिया। श्रृंगी ऋषि का श्राप शमीक ऋषि के तेजस्वी पुत्र श्रृंगी को जब पता चला तो उन्होंने श्राप दे दिया - जिसने मेरे पिता का अपमान किया है, उसे आज से सातवें दिन तक्षक नाग डसेगा और उसकी मृत्यु हो जाएगी। परीक्षित का वैराग्य श्राप सुनकर परीक्षित घबराए नहीं। उन्होंने सोचा अच्छा हुआ, अब मुझे मृत्यु की तिथि पता चल गई। राजपाट अपने पुत्र जनमेजय को सौंपकर वे गंगा तट पर आमरण अनशन पर बैठ गए।भागवत का आरंभ सात दिनों तक गंगा किनारे बड़े-बड़े ऋषि-मुनि पधारे। तब वहाँ शुकदेव जी आए - व्यास जी के 16 वर्ष के पुत्र, जो जन्म से ही परमहंस थे। राजा ने उनसे प्रार्थना की कि सात दिन में मेरा कल्याण हो जाए। शुकदेव जी का उपदेश फिर शुकदेव जी ने सात दिनों तक राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत कथा सुनाई। सुनते-सुनते सातवें दिन तक्षक ने आकर डस लिया, पर परीक्षित को भगवान की कथा में इतना आनंद आ रहा था कि उन्हें शरीर छूटने का भान ही नहीं हुआ। वे भगवद-धाम को चले गए। इस कथा का सार मृत्यु निश्चित है, पर उसे याद रखकर भजन करना ही बुद्धिमानी है।

# महिला बाल विकास कार्यालय में सहायिका से कराए जा रहे चपरासी के काम, व्यवस्था पर उठे सवाल

## सफाई से लेकर ताला खोलने-बंद करने तक की जिम्मेदारी, कर्मचारियों की कमी या लापरवाही?

**नवभारत न्यूज**

**छिंदवाड़ा, 19 मई, महिला बाल विकास कार्यालय मोहखेड में अव्यवस्थाओं का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां चपरासी के अभाव में सहायिका से ही रोजाना सफाई, पानी की व्यवस्था और कार्यालय खोलने-बंद करने का कार्य कराया जा रहा है।**



सोमवार को नवभारत टीम के प्रतिनिधि राजकुमार सोनी महिला बालविकास कार्यालय पहुचे.जहा पर देखा कि कार्यालय के सामने मऊ आंगनवाडी केंद्र की सहायिका चंद्रकला महिला बाल विकास कार्यालय में सफाई कर रही थी.उक्त सफाई कर रही सहायिका से जब चर्चा की तो उन्होंने बताया कि कार्यालय में चपरासी से न होने के कारण हमारी डुयूटी सफाई के लिए लगवाई गयी है.हम तीन सहायिका है जो एक सुबह आकर पानी भरती और एक शाम को ताला बंद करती है.

मौके की स्थिति बताती है कि कार्यालय परिसर में साफ-सफाई सहित अन्य काम की जिम्मेदारी भी सहायिका ही निभा रही है। इतना ही नहीं, सुबह कार्यालय खोलने से लेकर शाम को ताला बंद करने तक का पूरा काम उसी के भरोसे चल रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि या तो विभाग में कर्मचारियों की कमी है या फिर जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि सहायिका का कार्य बच्चों और महिलाओं से जुड़े पोषण एवं देखभाल से संबंधित होता है, लेकिन उससे चपरासी जैसे कार्य कराना नियमों के खिलाफ है। इससे न केवल उसके मूल कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि यह श्रम शोषण का भी मामला बन सकता है।

ग्रामीणों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं और सहायिकाओं पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है।

इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। लोगों ने संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि मामले की जांच कर उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और सहायिकाओं से जबरन कराए जा रहे अतिरिक्त कार्यों पर रोक लगाई जाए।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, अमरवाड़ा जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

Email ID - cmoamarwada@mpurban.gov.in Phone No. 07167-222221

क्रमांक/72/न.पा./ 2026 — अमरवाड़ा, दिनांक- 18/05/2026

**-: ऑनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना :-**

नगर पालिका परिषद अमरवाड़ा द्वारा निम्नलिखित सामग्री की निविदा सूचनाई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्राक्योरमेन्ट पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर आईटम दर आधार पर आमंत्रित है समस्त पंजीकृत फर्मो / सप्लायरों से निजकी अपनी स्वयं की संबधित फर्म हो या निर्माता हो अथवा जो केन्द्र सरकार अथवा म.प्र.सरकार का अद्यतन रूपये से ब्रिकी कर एवं आयकर भुगतान करते हो से नगरपालिका परिषद अमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा को निम्न सामग्री की आवश्यकता है।
विस्तृत निविदा https://www.mptenders.gov.in पर भी देखी जा सकती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्रं. | पोर्टल टेंडर नं. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_490416_2 | लोक निर्माण शाखा के अंतर्गत लगने वाला विभिन्न मटेरियल क्रय। (रेत, गिट्टी, सीमेंट, ईंट, लोहा, मुरम, डस्ट, मिट्टी np4 300mm, 600mm, पुलिया, तार, ऑईल पेंट, इमलशन पेंट, डेम्पप्रूफ पेंट, फाईवर जाली, फेंसिंग जाली, सीमेंट खंबा 7 फिट, प्रोफाईल सीट, एमएस पाईप आदी) | 10, 00,000/- | 10,000/- | मार्च 2027 तक | 2000/- |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद अमरवाड़ा**